## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री एक जून को बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों का दौरा करेंगे

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह प्रदेश व्यापी विकास यात्रा के दौरान आगामी एक जून को बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बिलासपुर जिले के मस्तूरी और जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ में आम सभाओं को को सम्बोधित करेंगे। वे अकलतरा, तिलई और बनारी में स्वागत सभाओं में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इसी दिन शाम को जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा रोड-शो के पश्चात आम सभा को सम्बोधित करेंगे।

### महानदी भवन में राज्य स्तरीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र शुरू

**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री पाण्डेय ने किया शुभारंभ**

रायपुर (आरएनएस)। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य स्तरीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र (इमरजेंसी ऑपरेशनल सेन्टर) का शुभारंभ किया। इस केन्द्र की स्थापना भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं के समय तेज गति से राहत और बचाव उपायों के सुचारू संचालन के लिए की गई है। यह कार्य केन्द्र और राज्य के बीच परस्पर समन्वय से किया जाएगा। यह राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत कार्य करेगा। केन्द्र सरकार, राज्य शासन और भारत संचार निगम लिमिटेड के परस्पर सहयोग से इसका संचालन किया जाएगा।

### घुमंतू बच्चों के रिकार्ड किए जा रहे दुरूस्त

रायपुर (आरएनएस)। जिला बाल संरक्षण अधिकारियों की हाल में हुई बैठक के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अब घुमंतू बच्चों का रिकार्ड दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं ऐसे बच्चों की सूची भी तैयार हो रही जिनका दाखिला विभिन्न स्कूलों में कराया गया है अथवा उन्हें किसी अन्य संस्था के हवाले किया गया है।

ज्ञात हो कि हाल ही में जिला बाल संरक्षण अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक राजधानी में संपन्न हुई है। इस बैठक में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद अब विभागीय कामकाज में तेजी आती दिख रही है। सूत्रों की माने तो विभाग द्वारा अब जिले के विभिन्न थानों के माध्यम से ऐसे बच्चों का रिकार्ड दुरुस्त किया जा रहा है।

### नाली में मिला नवजात शिशु का शव, पुलिस जांच में जूटी

**अस्पताल के बेडशीट में लिपटा था नवजात का शव**

रायपुर (आरएनएस)। ऑफिसर कालोनी स्थित नाली में एक नवजात शिशु का शव कपड़ा लिपटे मिला। सूचना पर मौके में पहुंची मौदहापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली की देवेन्द्र नगर चौक ऑफिसर कालोनी स्थित नाली में एक नवजात शिशु का शव पड़ा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने बताया कि नवजात का शव आंबेडकर अस्पताल के बेडशीट में लिपटा हुआ है। उसकी उम्र करीब एक माह के आसपास है। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस नवजात शिशु के बारे में आंबेडकर अस्पताल के प्रबंधन से भी पूछताछ करेगी।

### तबादला आदेश में संशोधन के साथ 23 टीआई हुए इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। राज्य पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णयानुसार 23 निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना सूची जारी की गई है। इसमें कुछ टीआई के स्थानांतरण आदेश में संशोधन किया गया है।

पीएचक्यू से जारी आदेशानुसार टीआई हेमप्रकाश नायक को रायपुर जिले से धमतरी जिले में स्थानांतरित किया गया था, इसमें संशोधन करते हुए उन्हें जिला दुर्ग भेजा गया है। इसी तरह टीआई गोपाल सिंह धुर्वे को पूर्व में जिला रायगढ़ से सुकमा स्थानांतरित किया गया था।

इस आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें अब सूरजपुर भेजा गया है। इ सी तरह से अन्य निरीक्षकों में राकेश कुमार भोई को रायपुर से दुर्ग, नरसिंग दास साहू रायपुर से कबीरधाम, समय लाल नागेन्द्र सरगुजा से राजनांदगांव, गौरव तिवारी रायपुर से दुर्ग, विजय कुमार ठाकुर, कोरबा से दुर्ग, रामचरण राम बिलासपुर से सूरजपुर, अवधेश कुमार मिश्रा महासमुंद से मानवाधिकार आयोग रायपुर, नटवर सिंग नेताम धमतरी से राज्य पुलिस अकादमी चंद्रखुरी, नरेश कुमार पटेल दुर्ग से रायपुर, भागीरथी ध्रुव बलौदाबाजार से कोण्डागांव, आशाराम नुरेटी रायपुर से कोण्डागांव, हंसराज गौतम मुंगेली से कोण्डागांव, विनोद कतलम रायगढ़ से कोरबा, धनीराम मांझी महासमुंद से रायगढ़, संजय कुमार सिंह रायपुर से बिलासपुर, सतीश सिंग गहिरवार रायपुर से बिलासपुर, मोहम्मद कलीम खान रायपुर से बिलासपुर, विनोद कुमार मंडावी राजनांदगांव से जांजगीर-चांपा, कुमारी अंजू चेलक राजनांदगांव से बिलासपुर, इंद्रभूषण सिंह कोरबा से जांजगीर-चांपा, दुर्गेश कुमार शर्मा जगदलपुर से कोरबा स्थानांतरित किया गया है।

# मेदांता में भर्ती अजीत जोगी के हालत में आया सुधार

रायपुर (आरएनएस)। दिल्ली के मेदांता हास्पिटल में भर्ती होने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छग के सुप्रीमो अजीत जोगी के हालत में अब सुधार आने लगा है। श्री जोगी को मंगलवार की रात को दिल्ली के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेश त्रेहान एवं क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डा. यतिन मेहता की टीम की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। ज्ञात हो कि राजधानी के रामकृष्ण अस्पताल में मंगलवार की शाम को अचानक श्री जोगी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। यहां डाक्टरों के अनुसार उनके फेफड़े में पानी भर गया था, जिससे उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।




श्री जोगी की स्थिति खराब होते देख उनकी पत्नी श्रीमती रेणु जोगी और उनके बेटे अमित जोगी ने उन्हें मेदांता में भर्ती करने का फैसला लिया। जिसके बाद रात करीब 9.30 बजे श्री जोगी को एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। श्री जोगी के मेदांता में आने की सूचना पहले ही वहां के डाक्टर नरेश त्रेहन को दे दी गई थी। जिसके चलते मेदांता पहुंचते ही श्री जोगी को तुरंत भर्ती करते हुए डाक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया। सुबह 10 बजे मेदांता से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार रात चले उपचार के बाद अब अजीत जोगी की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनका बीपी, पल्स और हार्ट बीट सब कुछ सामान्य चल रहा है। हालांकि उनको अगले 24 घंटों तक किसी से भी मिलने की इजाजत नहीं है। श्री जोगी अभी पूरी तरह होश में है। श्री जोगी के फेफड़े में संक्रमण और न बढ़े इसके लिए ईलाज जारी है।

### 50 हजार मांगने वाले तीन फर्जी पत्रकारों की जमानत अर्जी खारिज

बिलासपुर (आरएनएस)। रेलकर्मी को धमकी देकर 50 हजार रुपये की मांग करने वाली तीन फर्जी पत्रकारों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके बाद तीनों को जेल दाखिल किया गया है। रेलवे बापू उपनगर निवासी रेल कर्मी हितेश कुमार नाहर करेल के सरकारी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चलता है। इस बात को लेकर हेमूनगर निवासी विनिता सिंह, दीनदयाल कॉलोनी मंगला निवासी लक्ष्मी सोनी व मोपका निवासी अजीत सिंह ने खुद को पत्रकार बताते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दी।

## लूटेरे बंदरों ने लूटे 2 लाख

आगरा। उत्तर प्रदेश में इन दिनों जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है. सांड और कुत्तों के बाद अब बंदर कहर बरपा रहे हैं. आगरा में बंदरों ने एक सर्राफ का नोट से भरा बैग छीन लिया. इसके बाद जब सर्राफ ने उनका पीछा किया तो बैग से करीब साठ हजार रुपये निकालकर फेंक दिया और उसके बाद बैग लेकर भाग गए. बैग में दो लाख रुपए रखा था. मामला नाई की मंडी थाना इलाके का है, जहां धाकरन चौराहे पर बंदर ने इस घटना को अंजाम दिया.जानकारी के मुताबिक, हलका मदन निवासी सर्राफ विजय बंसल बेटी नैंसी के साथ बैंक में दो लाख रुपये जमा करने गए थे. रुपए से भरा थैला उनकी बेटी नैंसी के हाथ मे था. बैंक में जाते समय वो दोनों पहली मंजिल के लिए सीढ़ी चढ़ रहे थे, उसी समय वहां मौजूद तीन-चार बंदरों ने उससे रुपयों से भरा थैला छीन लिया. रुपयों से भरा थैला छीनने के बाद दोनों ने शोर मचाया. इसके बाद बैंक के गार्ड और पुलिसकर्मियों ने बंदरों का पीछा किया. इस पर बंदरों ने सौ-सौ रुपये की छह गड्डियां चौथे फ्लोर से नीचे फेंक दी और दो हजार के नोटों की गड्डी बंदर लेकर भाग गए.



# संविलियन को लेकर सीएस की रिपोर्ट का इंतजार

रायपुर (आरएनएस)। संविलियन की मांग पर अड़े शिक्षाकर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर एक बड़ा बयान दिया है, मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा कि संविलियन को लेकर राज्य सरकार गंभीर है, मुख्य सचिव की रिपोर्ट आते ही इसका हल निकाल लिया जाएगा। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में शिक्षाकर्मियों के संविलियन को लेकर शिवराज सिंह चौहान सरकार के केबिनेट ने संविलियन को लेकर हरी झंडी दिखा दी है। मध्यप्रदेश सरकार के इस निर्णय का छत्तीसगढ़ के शिक्षाककर्मियों को भी बेसब्री से इंतजार था। मध्यप्रदेश में संविलियन का रास्ता साफ होता देख अब यहां के शिक्षाकर्मी भी राज्य सरकार पर संविलियन को लेकर दबाव बना सकते हैं। एक तरह से शिक्षाकर्मियों के हाथों में ब्रम्हास्त्र मिल गया है। इस पर मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का यह बयान की मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी गई है, रिपोर्ट मिलते ही इसका हल निकाल लिया जाएगा, प्रदेश के 1 लाख 80 हजार शिक्षाकर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही शिक्षाकर्मियों को एक बार फिर धैर्य रखने की बात कही है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि शिक्षाकर्मियों को धैर्य रखनी चाहिए।

### फर्जी आईडी बनाकर युवती का फोटो अपलोड किया, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर युवती का फोटो अपलोड करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संजयनगर टिकरापारा निवासी 47 वर्षीय प्रार्थी ने थाने में शिकायत किया कि 28 जुलाई 2017 को दलानपुरा जालौन यूपी निवासी आरोपी सैलेन्द्र राजपुत उर्फ प्रदीप ने प्रार्थी के पुत्री के नाम से फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर फोटो अपलोड किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 67 आई.टी.एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बढ़ती उमस से लोगों का हुआ बुरा हाल, नौतपा में पारा 43 डिग्री पहुंचा

रायपुर (आरएनएस)। केरल में मानसून की दस्तक होने के साथ ही छत्तीसगढ़ में नौतपा के चलते बढ़ती गर्मी के कारण यहां पर तापमान 43-44 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। उमस के चलते लोगों का बुरा हाल है। दोपहर में शहर की सड़कें सुनसान रहती है। कामकाजी लोग ही नकाब पहनकर आवाजाही करते दिखाई देते है। मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मानसून की रफतार यही रही तो छत्तीसगढ़ में 10 जून तक मानसून आने की संभावना है। एक अन्य एजेंसी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार समय पर अण्डमान निकोबार व्दीप समूह में मानसून के पहुंचने पर केरल में मानसून के आगाज से समय पर मानसूनी वर्षा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, दक्षिण तेलंगाना आदि में होने की संभावना मौसम विभाग नई दिल्ली ने जताई है।

# आने वाले समय में मिलेगा लवन को तहसील का दर्जा-रमन सिंह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह विकास यात्रा के दौरान बुधवार को बलौदाबाजार जिले के ग्राम लवन पहुंचे। यहां उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लवन को जल्द ही तहसील का दर्जा दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। डा. सिंह ने क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अध्यक्ष ने यहां काम कर इतिहास रचा है। गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने 5 साल में जितना काम किया है उतना काम यहां के सारे जनप्रतिनिधियों ने मिलकर नहीं किया है। सभा में आकर उन्हें काफी खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि लवन को तहसील का दर्जा कैसे दिया जा सकता है इस पर चर्चा हो रही है और आने वाले समय लवन को तहसील का दर्जा दिलाने का प्रयास करेंगे।



विकास यात्रा पर मुख्यमंत्री आज सवेरे 11 बजे रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर बलौदाबाजार जिले के ग्राम लवन पहुंचे यहां आमसभा को संबोधित करने के पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर करीब 2 बजे राजनांदगांव जिले के छुईखदान में आमसभाओं को सम्बोधित करेंगे। यहां से वे अपरान्ह 3.30 बजे विकास रथ में रवाना होकर शाम 4 बजे गण्डई (विधानसभा क्षेत्र-खैरागढ़), शाम 4.50 बजे सिल्हाटी (विधानसभा क्षेत्र-कवर्धा) की स्वागत सभाओं में और शाम 5.20 बजे लोहारा (विधानसभा क्षेत्र -कवर्धा) की आमसभा में शामिल होंगे। डॉ. सिंह लोहारा से विकास रथ में शाम 6.45 बजे ग्राम ओड़िया (विधानसभा क्षेत्र-पण्डरिया) की स्वागत सभा में शामिल होकर रात्रि 7.20 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा आएंगे।

### फ्लाइट में सेल्फी लेने वाले 4 पायलटों के उड़ान पर जेट एयरवेज ने लगाई रोक

नई दिल्ली। जेट एयरवेज ने अपने चार पायलटों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है. इन चारों पर आरोप है कि 19 अप्रैल को लेह से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में इन्होंने कथित तौर पर सेल्फी ली. हालांकि फ्लाइट में उस समय कोई भी यात्री सवार नहीं था.एयरलाइंस कंपनी ने जिन चार पायलटों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके उड़ान पर रोक लगा दी है उनमें एक सीनियर इंस्ट्रक्टर कमांडर और 3 ट्रेनी (प्रशिक्षु) पायलट शामिल हैं.



## बस्तर में मानसून की प्रत्याशा के साथ ही धान की बुआई शुरू

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष मानसून के आने के पूर्व या वर्षा आने के पूर्व जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष से धान की बुआई का सिलसिला शुरू होता है वह इस वर्ष भी शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार अंचल में धान बोनी का सिलसिला शुरू होते ही गांवों में माटी तिहार, बीज पंडुम और अन्य समारोह भी प्रारंभ हो गये हैं। इसके कारण अंचल के ग्रामों में ग्रामीण खेतों की पहली जुताई कर तीन दिनों तक आनंद मना रहे हैं। इस मौके पर तीन रातों तक नृत्य आयोजन भी चला।



उल्लेखनीय है कि मध्य बस्तर सहित दक्षिण बस्तर और प्रायः समूचे संभाग में सबसे पहले अंचल के किसान बोनी के उद्देश्य से अपने खेतों की पहली जुताई करते हैं। उसके बाद साजा पेड़ के नीचे बैठकर जमीन में कीचड़ करके उसमें धान के बीज मिलाकर भूमि में बीज के अंकुरण की परम्परा पूरी करते हैं। इसके बाद गांव के सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद पशुओं से प्राप्त गोबर आदि को खेतों का जीवन समझकर इसे खेतों में डालते हैं। ग्रामीणों की इस संबंध में मान्यता है कि जितना अधिक गोबर वे अपने खेतों में डालेंगे उतनी ही अधिक उनके खेतों से उपज प्राप्त होगी। इसीलिए वे अपने घरों व बाड़ियों में पशुओं का पालन करते हैं। तथा उनके गोबर को एकत्रित कर उसे खाद के रूप में परिवर्तित कर खेतों में डालते हैं। किन्तु कुछ समय से रसायनिक खादों का दुष्परिणाम अपने खेतों में देखकर वे इस वर्ष से जैविक खाद का उपयोग कर अपने खेतों के स्वास्थ्य को ठीक करने का प्रयास भी कर रहे हैं।

### आईजी प्रदीप गुप्ता ने ली पुलिस अधीक्षकों की बैठक

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिरीक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता ने मंगलवार को रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में सभी रेंज के एसपी को आईजी ने वीआईपी सुरक्षा मजबूत करने का निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के अपराध में दोषमुक्त हुए आरोपियों के केस की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

आईजी श्री गुप्ता ने बैठक में नशे के सौदागरों का कोर्ट से बाईज्जत बरी होने के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इसके लिए पुलिस अधीक्षक समेत आला अफसरों को इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस मामले में त्रुटिपूर्ण जांच करने वाले विवेचकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के भी निर्देश कहा है।

# मध्यप्रदेश में गर्मी ने तोड़ा 28 साल का रिकॉर्ड

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1990 के बाद पहला ऐसा मौका है, जब अधिकतम तापमान लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है. वहीं मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के बड़े हिस्से में लू का कहर बने रहने की संभावना जताई है. राज्य में बुधवार की सुबह से गर्मी का असर बेचैनी बढ़ा देने वाला है. तेज धूप है और गर्म हवाओं के कारण जन-जीवन प्रभावित हो रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी भोपाल में वर्ष 1990 के बाद पहला ऐसा मौका आया है, जब अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है. मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगामी 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभागों के अलावा कई अन्य जिलों में लू का कहर बना रहेगा. राज्य में गर्मी का जोर चरम पर है.



बुधवार को भोपाल का न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस, इंदौर का 26.2, ग्वालियर का 28.9 और जबलपुर का न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं मंगलवार को भोपाल का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस, इंदौर का 41.7 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर का 46.4 डिग्री सेल्सियस और जबलपुर का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रहा.